मेट्रो –3 मार्ग का 84.3 % काम पूर्ण

मुंबई(यशोडेस्क), मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन(एमएमआरसीएल) ने कोलाबा-बांद्रा-सिप्ज मेट्रो 3 परियोजना की कार्य रिपोर्ट की घोषणा की है। इस रिपोर्ट के अनुसार परियोजना के कुल काम का 84.3 प्रतिशत पूरा हो चुका है। आरे से बीकेसी तक पहले चरण का काम 91 फीसदी पूरा होने की बात कही गई है।

एमएमआरसीएल के मुताबिक कुल काम का 94.9 फीसदी सिविल वर्क, 92 फीसदी स्टेशनों का निर्माण, 100 फीसदी अंडरग्राउंडिंग का काम, कुल सिस्टम का 57.9 फीसदी, जबकि मेन लाइन ट्रैक का 68.4 फीसदी काम पूरा हो चुका है। एमएमआरसीएल ने जानकारी दी है कि आरे में कारशेड का 74 फीसदी काम पूरा हो चुका है। कुछ दिन पहले मेट्रो कोच के आरे स्थित कारशेड में प्रवेश करने से पहले पुलिस सुरक्षा में पेड़ों की छंटाई का काम पूरा किया गया था। मेट्रो 3 की कुल 3 ट्रेनें आरे के कारशेड में प्रवेश कर चुकी हैं। ट्रैक परीक्षण और मेट्रो कोचों का परीक्षण चल रहा है। इसी तरह बीकेसी से कफ परेड तक दूसरे चरण का काम 79 प्रतिशत पूरा हो चुका है। दूसरे चरण के स्टेशन का काम 96.2 प्रतिशत, स्टेशन का काम 90.5 प्रतिशत, मेट्रो सिस्टम का काम 47.1 प्रतिशत, मुख्य ट्रैक का काम 50.9 प्रतिशत और रखरखाव एवं संचालन प्रणाली का काम 47 प्रतिशत है।